जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर-4

हाल ही में **OpenAI** ने भारतीय उपयोगकर्त्ताओं के लिये अपना **ChatGPT Plus सब्सक्रिप्शन** लॉन्च किया है, जो उन्हें नवीनतम भाषा मॉडल **GPT-4** तक शुरुआती पहुँच प्रदान करता है।

- यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब तकनीकी दिग्गज ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ AI उत्पादक प्रदान करने के लिये प्रतिस्पर्द्धा कर रहे हैं।

GPT-4 अन्य पिछले मॉडल से किस प्रकार भिन्न है?

- OpenAI के अनुसार, जब **रचनात्मकता, दृश्य बोध** (Visual Comprehension) **और संदर्भ** की बात आती है तो **GPT-4 अपने पूर्ववर्तियों की तुलना में अधिक उन्नत है।**
    - इसमें **संगीत, पटकथा, तकनीकी लेखन** आदि सहित विभिन्न रचनात्मक परियोजनाओं पर उपयोगकर्त्ताओं के साथ सहयोग करने की क्षमता भी है।
- यह टेक्स्ट के **25,000 शब्दों तक को प्रोसेस** कर सकता है और लंबी वार्तालाप की सुविधा प्रदान कर सकता है।
- GPT-4 टेक्स्ट के अलावा और भी बहुत कुछ समाहित कर सकता है- यह छवियों को इनपुट के रूप में भी स्वीकार करता है।
    - इसके विपरीत **GPT-3 और GPT-3.5 केवल एक टेक्स्ट साधन के रूप में संचालित होते हैं, जिससे उपयोगकर्त्ता केवल टाइप करके प्रश्न पूछ सकते हैं।**
- **GPT-4 अधिक बहुभाषी है** और OpenAI ने प्रदर्शित किया है कि यह 26 भाषाओं में हज़ारों **बहु-विकल्पों का सटीक उत्तर देकर GPT-3.5 एवं अन्य बड़े भाषा मॉडल (Large Language Models- LLM)** को बेहतर बनाता है।
    - यह 85.5% सटीकता के साथ अंग्रेज़ी को सबसे अच्छी तरह से संसाधित करता है, हालाँकि तेलुगू जैसी भारतीय भाषा को भी 71.4% सटीकता के साथ संसाधित करने में पीछे नहीं है।

ChatGPT:

- ChatGPT जनरेटिव प्री-ट्रेंड ट्रांसफार्मर **(GPT) का एक प्रकार है जो OpenAI** द्वारा विकसित एक बड़े पैमाने पर तंत्रिका नेटवर्क-आधारित भाषा प्रारूप है।
- GPT मॉडल को मानव जैसा टेक्स्ट उत्पन्न करने के लिये बड़ी मात्रा में टेक्स्ट डेटा पर प्रशिक्षित किया जाता है।
- यह विभिन्न विषयों पर प्रतिक्रियाएँ दे सकता है, जैसे प्रश्नों का उत्तर देना, स्पष्टीकरण प्रदान करना और संवाद में भाग लेना।
- ChatGPT "अनुवर्ती प्रश्नों" का उत्तर देने के साथ **"अपनी गलतियों को स्वीकार कर सकता है, गलत धारणाओं को चुनौती दे सकता है, साथ ही अनुचित अनुरोधों को अस्वीकार कर सकता है।"**
- चैटबॉट को रीइन्फोर्समेंट लर्निंग फ्रॉम ह्यूमन फीडबैक **(RLHF)** का उपयोग करके भी प्रशिक्षित किया गया था।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. विकास की वर्तमान स्थिति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता निम्नलिखित में से किस कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है? (2020)

1. औद्योगिक इकाइयों में विद्युत की खपत कम करना
2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट्स से स्पीच में परिवर्तन
5. विद्युत ऊर्जा का बेतार संचरण

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2, 3 और 5
(b) केवल 1, 3 और 4

(c) केवल 2, 4 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर: (b)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gpt-4